DELHI PUBLIC SCHOOL, RAIPUR

TERMINAL ASSESSMENT- I (2022-23) (MODEL PAPER)

CLASS-IV **SUBJECT- HINDI** **MARKS: 50**

खण्ड – अ
(अपठित गद्यांश)

प्रश्न I निम्न गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(5)**

मनुष्य की विशेषता उसके चरित्र में है। चरित्र के कारण ही एक मनुष्य दूसरे मनुष्य से अधिक आदरणीय समझा जाता है। विद्या का मान सज्जन तभी करते हैं जब व्यक्ति विद्वान होने के साथ – साथ विनयशील और चरित्रवान भी हो। मनुष्य का मूल्य उसके चरित्र में है। विनय, उदारता, लालच में न पड़ना, धैर्य, सत्य भाषण वचन का प्रतिपालन करना और कर्तव्य परायणता ये सब गुण चरित्र में आते हैं।

निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) विद्या का मान सज्जन कब करते हैं ?
(ख) चरित्र में कौन कौन से गुण आते हैं ?

खाली स्थान भरिए।

(ग) मनुष्य की विशेषता उसके .... में है।
(घ) चरित्र के कारण ही एक मनुष्य, दूसरे से अधिक .... समझा जाता है।
(ड़) .... का मूल्य उसके चरित्र में है।

खण्ड–ब
(साहित्य)

प्रश्न II शब्दार्थ लिखिए। **(2)**

(क) समृद्धि (ख) अभिवादन

प्रश्न III वाक्य बनाइए। **(3)**

(क) देखभाल (ख) कारखाना (ग) विचरण

प्रश्न IV खाली स्थान भरिए। **(3)**

(क) जहाँ वृक्ष अधिक होते हैं, वहाँ .... भी अधिक होती हैं।
(ख) पानी का उपयोग उतना ही करना चाहिए, जितनी उसकी .... होती है।
(ग) साइबेरियन क्रेन को .... जलवायु की आवश्यकता होती है।

प्रश्न V प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(3)**

(क) विदेशी पक्षी अपने देश से हमारे देश आते–जाते रहते हैं। क्यों ?
(ख) कारखानों से निकलने वाले जल को पेड़–पौधों में क्यों नहीं डालना चाहिए ?
(ग) अब जंगल कम क्यों होते जा रहे हैं ?

प्रश्न VI वर्तनी शुद्ध कीजिए। **(2)**

(क) हानीकारक (ख) जनसंखया

प्रश्न VII वर्ण–विच्छेद कीजिए। **(2)**

(क) विहार (ख) सन्नाटा

खण्ड–स
(अतिरिक्त पठन)

प्रश्न VIII निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(2)**

(क) सभी दरबारी बीरबल से ईर्ष्या क्यों करते थे ?

(ख) बीरबल के कुल कितने निशाने चूक गये थे ?

प्रश्न IX खाली स्थान भरिए। **(2)**

(क) तीरंदाजी के लिए तीर–कमान .... के हाथ में दिया गया।

(ख) अकबर .... की तारीफ़ किया करते थे।

खण्ड – द
(व्याकरण)

प्रश्न X दिए गए शब्दों के लिंग बदलिए। **(2)**

(क) श्रीमान (ख) गुणवती

प्रश्न XI दिए गए शब्दों के वचन बदलिए। **(2)**

(क) पंक्ति (ख) कॉपी

प्रश्न XII दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। **(2)**

(क) अनुकूल (ख) शुद्ध

प्रश्न XIII रेखांकित शब्दों के स्थान पर सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करके वाक्य पुनः लिखिए। **(3)**

(क) संजय ने <u>संजय</u> के गुरुजी को प्रणाम किया।

(ख) महात्मा गाँधी को राष्ट्रपिता कहा जाता है, क्योंकि <u>महात्मा गाँधी</u> ने भारत को स्वतंत्र कराया था।

(ग) हार्दिक को <u>हार्दिक</u> के पिताजी ने बुलाया।

प्रश्न XIV उचित विकल्प के सामने (✓) का निशान लगाइए। **(2)**

(क) 'महात्मा गाँधी महान व्यक्ति थे।' यह वाक्य किस वचन का उदाहरण है ?

(अ) एकवचन (ब) बहुवचन (स) आदरार्थ बहुवचन (द) अन्य

(ख) 'दर्शन' और आँसू' सदा किस वचन में प्रयुक्त होते हैं ?

(अ) एकवचन (ब) बहुवचन (स) आदरार्थ बहुवचन (द) अन्य

प्रश्न XV खाली स्थान भरिए । **(5)**

(क) जिन शब्दों का अर्थ होता है, उन्हें .... शब्द कहते हैं।

(ख) वाक्य के .... भाग होते हैं।

(ग) .... संज्ञा गुण, दोष या अवस्था आदि का बोध कराती है।

(घ) हिंदी दिनों के नाम .... लिंग का उदाहरण है।

(ङ) 'दूध' शब्द का प्रयोग .... वचन में ही किया जाता है।

खण्ड – ई
(रचनात्मक लेखन)

प्रश्न XVI छोटी बहन को कक्षा में प्रथम आने पर बधाई देते हुए पत्र लिखिए। **(5)**

प्रश्न XVII दिए गए सहायक शब्दों की सहायता से 'समाचार–पत्र का महत्त्व' विषय पर अनुच्छेद लिखिए। **(5)**

दिन की शुरुआत, ताज़ा खबरें, अलग–अलग भाषाएँ, अलग – अलग तरह के समाचार, देश–दुनिया की जानकारी, खेल–कूद के समाचार, मनोरंजन के समाचार, कम लागत – अधिक जानकारी, सरलता से उपलब्ध, ज्ञान की बढ़ोत्तरी में सहायक।